

अपर सत्र न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत कई प्रकरणों में हुआ निराकरण

नव भारत न्यूज
पांढुरना,9मई, नगर जिला मुख्यालय के अपर सत्र न्यायालय में आज शनिवार को आमोद आर्य, जिला न्यायाधीश द्वारा माँ सरस्वती एवं महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। नेशनल लोक अदालत शुभारंभ कार्यक्रम में श्रीमती हर्षिता पिपरेवार, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पांढुर्णा, रविशंकर भलावी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पांढुर्णा के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश पांढुर्णा, शिवेन्द्र सिंह तोमर, उमेश कुशवाह सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पांढुर्णा, विजय केवटे अध्यक्ष

अभिभाषक संघ पांढुर्णा, अवतार सिंह रमगड़िया सहित अन्य अधिवक्तागण व तहसील न्यायालय पांढुर्णा के समस्त कर्मचारीगण, तहसील विधिक सेवा समिति पांढुर्णा से प्रदीप कुमार गढ़ेवाल, सहायक ग्रेड-तीन सहित जिला पांढुर्णा के अंतर्गत बैंकों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका के जलकर के 206 प्रकरण प्रीलिटिगेशन रखे गये थे जिनमें से 32 प्रकरण निराकृत हुये राशि 90900 रूपये की वसूली हुई। इसी प्रकार संपत्ति कर के 195 प्रकरण प्रीलिटिगेशन रखे गये थे जिनमें से 29 प्रकरण निराकृत हुये तथा राशि 331488 रूपये की वसूली हुई।

न्यायाधीश आमोद आर्य के न्यायालय से कुल 25 प्रकरण रैफर किए गए थे। धारा 138 एन.आई.एक्ट अपील के कुल 7 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 02 प्रकरण निराकृत हुये तथा राशि 304828 रूपये की वसूली हुई। हिन्दु विवाह अधिनियम के कुल 10 प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 02 प्रकरण निराकृत हुये एवं 01 निष्पादन प्रकरण का निराकरण किया गया।

श्रीमती हर्षिता पिपरेवार, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पांढुर्णा, छिन्दवाड़ा के न्यायालय से कुल 73 प्रकरण नेशनल लोक अदालत हेतु रैफर किए गए थे जिनमें से क्रिमिनल कम्पाउंटेबिल के 58 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 05 प्रकरण निराकृत हुये थे। धारा 138 एन.आई.एक्ट के कुल 10 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 03 प्रकरण निराकृत हुये तथा राशि 643984 वसूली हुई। इसी प्रकार धारा 125 एम.जे.सी. के कुल 05 प्रकरण रेफर किये गये थे जिनमें से 03 प्रकरण निराकृत हुये।

रविशंकर भलावी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पांढुर्णा के प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश पांढुर्णा, छिन्दवाड़ा के न्यायालय से कुल 57 प्रकरण रेफर किये गये थे जिनमें से क्रिमिनल कम्पाउंटेबिल के 10 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 01 प्रकरण निराकृत हुये थे। धारा 138 एन.आई.एक्ट के कुल 20 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 07 प्रकरण निराकृत हुये तथा राशि 1266000 रूपये की वसूली हुई। हिन्दु विवाह अधिनियम के कुल 20 प्रकरण रखे गए थे जिनमें 05 प्रकरण निराकृत हुये।

जनगणना में जिले के 89 हजार 439 मकानों का विवरण दर्ज

नव भारत न्यूज पांढुरना,9 मई, जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं संबंधित कार्यों की प्रगति लगातार जारी है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 688 एचएलबी में से 643 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 45 कार्य प्रारंभ होना शेष हैं। जिले में कुल 89 हजार 439 जनगणना मकानों का विवरण दर्ज किया गया है।

पांढुरना के 286 में से 282 सूचीबद्ध 000

रिपोर्ट अनुसार पांढुर्णा ग्रामीण क्षेत्र में 286 एचएलबी में से 282 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

सौसर में 230 मे से192 का कार्य पूर्ण

सौसर ग्रामीण क्षेत्र में 230 एचएलबी में से 192 कार्य पूर्ण हुए हैं। पांढुर्णा शहरी, सौसर शहरी, मोहगांव शहरी, लोधीखेड़ा शहरी एवं पिपला नारायणवार शहरी क्षेत्रों में भी जनगणना संबंधी कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं।

जिले में 63 हजार 512 मकानों की हुई गिनती

सीएमएमएस पोर्टल रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 63 हजार 512 आवासीय जनगणना मकान दर्ज किए गए हैं। जिले में कुल 65 हजार 739 परिवारों का विवरण संकलित किया गया है। वहीं जिले की कुल जनसंख्या 2 लाख 65 हजार 739 दर्ज की गई है।

सतत मॉनिटरिंग कर रहे अधिकारी

जनगणना 2027 के कार्यों की सतत मॉनिटरिंग एवं समीक्षा जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है, ताकि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जा सकें।

सौसर के डॉ. संदीप नखाते ने उत्तीर्ण की MPPSC परीक्षा

नवभारत न्यूज
सौसर 9 मई - सिविल अस्पताल में अपनी सेवाएँ दे रहे डॉ. संदीप नखाते ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। डॉ. नखाते के परीक्षा उत्तीर्ण करने से अब उनके स्वास्थ्य विभाग में नियमितीकरण का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। चिकित्सीय दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा में मिली इस बड़ी उपलब्धि पर हर्ष का माहौल है। डॉ. नखाते की इस सफलता पर उनके परिजनों,

मित्रों और समस्त शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए बधाई प्रेषित की है। बताया गया कि डॉ. नखाते के अलावा उनके सहपाठी डॉक्टरों ने भी उक्त परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

स्वर्णा इंडस्ट्रीज में 100 दिवसीय निक्षय शिविर आयोजित

नव भारत न्यूज
पांढुरना,8 मई , नगर के स्वर्णा इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य टीबी रोग की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार सुनिश्चित कर आमजन विशेषकर हाई रिस्क वर्ग के हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना रहा। शिविर की अध्यक्षता डॉ. दिपेन्द्र सलामे, सीबीएमओ द्वारा की गई। शिविर में अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बीपी एवं शुगर जांच की गई। साथ ही पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी जांच, स्पूटम कलेक्शन कैंप एवं व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का

आयोजन किया गया।शिविर में हाई रिस्क ग्राम वाड़ेगाँव, मारुड, कलमगाँव, बनगाँव एवं मगजगाँव सहित अन्य क्षेत्रों से आए हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच की गई। इस दौरान टीबी रोग की रोकथाम, समय पर जांच एवं उपचार के प्रति जागरूकता भी प्रदान की गई, ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

उक्त शिविर में डॉ. मनीष मरावी मेडिसिन विशेषज्ञ, रविंद्र पराडकर बीपीएम, सुरेश टेकाम बीईई, तुषार सिंगारे वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, श्रीमती प्रमिला नागवंशी एसटीएलएस, जगदीश पवार, महेन्द्र पिंजारकर, प्रवीण साहू, श्रीमती सुशीला पवार, राखी सीलु, उर्मिला पवार एएनएम, श्रीमती वंदना पदमाकर, रेखा, अनीता एवं आशा सहित सिविल अस्पताल पांढुर्णा का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन के लिए श्री सुनील शर्मा प्लांट मैनेजर, गौरव जाटवा मैनेजर एवं श्री सुधाकर सिंह इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निरंतर स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

विधायक चौरे ने नगर को विधायक निधी से दी पेयजल टैंकर की सौगात

नवभारत न्यूज
सौंसर 9 मई- विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने नगरवासियों की सुविधा एव जनहित को ध्यान में रखते हुये विधायक निधि से नगर परिषद पिपला नारायणवार को पानी टैंकर प्रदान किया। गर्मी के मौसम में बढती पेयजल समस्या को देखते

हुये यह पानी टैंकर नगर परिषद के लिये एक महत्वपूर्ण सौगात मानी जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डो में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो सकेगी तथा जरूरतमंद क्षेत्रो तक समय पर पेयजल पहुचानें में काफी सहायता मिलेगी। नगरवासियों ने विधायक चौरे की इस जनहितैशी पहल की सराहना करते हुये इसे जनता की मूलभूत आवष्यकताओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अरूणा कैलाश चौधरी ने विधायक विजय चौरे के प्रति सहृदय आभार व्यक्त करते हुये कहा कि, विधायक जी हमेशा जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनके समाधान के लिये तत्पर रहते है। उनके सहयोग से नगर परिषद को विकास कार्यो में लगातार मजबूती मिल रही है। नगराध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने कहा कि, पानी टैंकर मिलने से नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी तथा गर्मी के दिनों में नागरिकों को राहत मिलेगी।

सौसर में आंधी-तूफान का तांडव जारी, टीन शेड उड़े, पेड़ हुए धराशाही

नवभारत न्यूज
सौसर 9 मई - क्षेत्र में शनिवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। दोपहर बाद अचानक आए तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ हुई बारिश ने जहाँ एक ओर जनजीवन को प्रभावित किया, वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत भी दी है।

तेज हवाओं से नुकसान

शनिवार को आए तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि जनपद पंचायत परिसर सहित कई स्थानों पर पेड़ धराशाही हो गए। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। इसके अलावा, शहर के विभिन्न हिस्सों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई मकानों के टीन शेड उड़ने की खबरें भी सामने आई हैं। तेज हवाओं के कारण विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही।

गर्मी से मिली निजात

मई के इस तपते महीने में पिछले कुछ दिनों से पारा 40 डिग्री के पार चल रहा था। आज हुई इस बेमौसम बारिश और ठंडी हवाओं ने वातावरण में ठंडक घोल दी है। भीषण लू और उमस से परेशान नागरिकों के लिए यह बारिश राहत बनकर आई, जिससे मौसम काफी सुहाना हो गया है।

किसानों की बढ़ी चिंता

एक तरफ जहाँ आम नागरिकों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं अचानक आए इस तूफान ने खुले में रखे अनाज और कुछ फसलों को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

गौवंश तस्करी रोकने मोहगांव में निकलगी जनजागरण रैली

सौंसर 9 मई- सौसर क्षेत्र में गौवंश तस्करी रोकने एवं गौ संरक्ष के प्रति जनजागरण फैलाने के उद्येष्य से 12 मई को मोहगांव में विशाल जनजागरण रैली का आयोजन किया गया है। इस संबंध में विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने सभी गौ भक्तो, सामाजिक संगठनों एवं आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है। उन्होने कहा कि, मोहगांव बैल बाजार के माध्यम से लगातार हो रही गौवंश तस्करी को रोकने के लिये समाज को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। जनजागरण रैली 12 मई को सुबह 10 बजें बैल बाजार मोहगांव से निकलेगी। सभा के बाद सभी गौ भक्त् एवं नागरिक पुलिस थाना मोहगांव पहुचकर प्रतीकात्मक आरती उतारेंगे तथा उनसे भावनात्मक निवेदन करेगे कि, गौवंश की रक्षा के लिये कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिष्चित की जाये। श्री चौरे ने कहा कि, जब प्रषासनिक संवेदनशीलता कम होती दिखाई देती है, तब समाज को आगे आकर गौमाता की रक्षा के लिये आवाज उठानी पडती है। गौवंश की सुरक्षा केवल धार्मिक आस्था का विषय नही, बल्कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा से जुडा महत्वपूर्ण दायित्व है। श्री चौरे ने कहा कि, इसीप्रकार का आयोजन ग्राम सवरनी में भी आगामी दिनों में होगा। जहा लोधीखेडा थाना पहुचकर पुलिस कर्मियों की आरती उतारते हुये गौ संरक्षण के लिये निवेदन किया जायेगा।

जनगणना कार्यों का जायजा लेंने संभागीय प्रभारी सुधीर कुमार ने पांढुरना पहुंचकर किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज
पांढुरना,9 मई, जनगणना 2027 की तैयारियों एवं फील्ड स्तर पर संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से संभागीय जनगणना प्रभारी सुधीर कुमार द्वारा शनिवार को जिले का दौरा कर जनगणना के कार्यों का जायजा लिया इस दौरान इन्होंने पांढुरना के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम राजना ,सिवनी पहुंचकर जनगणना से संबंधित प्रारंभिक कार्यों, अभिलेखों के संधारण, भवन सूचीकरण एवं क्षेत्रीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा करते हुए जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा

कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में आधार स्वरूप उपयोग किए जाते हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। इसके पश्चात शहरी क्षेत्र में भी चार्ज अधिकारियों द्वारा संचालित जनगणना तैयारियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में भवनों के सत्यापन, अभिलेखों के अद्यतन एवं मैदानी कार्यों में बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

संभागीय जनगणना प्रभारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण से कार्यों में प्रभावशीलता आएगी तथा जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी एवं जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।